श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 111, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 27 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# किसानों का 'दिल्ली चलो' प्रदर्शन, सिंघु बॉर्डर पर रोके गए किसान, पुलिस ने किया आंसू गैस का इस्तेमाल

**केंद्रीय कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसान सिंघु बॉर्डर (हरियाणा-दिल्ली सीमा) पहुंच गए हैं। यहां उनको तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। हरियाणा- दिल्ली बॉर्डर पर भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं**







**नई दिल्ली, एएनआइ।** केंद्रीय कृषि सुधार कानूनों का विरोध करने के लिए दिल्ली का घेराव करने जा रहे किसान दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। सिंघु बॉर्डर (हरियाणा-दिल्ली सीमा) पर पुलिसवालों ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को तितर बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यहां भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। दिल्ली-बहादुरगढ़ राजमार्ग के पास टिकरी सीमा पर पुलिसवालों और किसानों में झड़प हो गई। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा, रोहतक-झज्जर सीमा, दिल्ली-गुरुग्राम और दिल्ली-जम्मू राजमार्ग भारी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं।

● दिल्ली-बहादुरगढ़ राजमार्ग के पास टिकरी सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले का इस्तेमाल किया। किसानों को सुरक्षा बलों के साथ टकराव देखने को मिला।

● समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार दिल्ली पुलिस ने किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली सरकार से नौ स्टेडियमों को अस्थायी जेलों में तब्दील करने की अनुमति मांगी।

● किसानों ने सिंघु सीमा (हरियाणा-दिल्ली सीमा) पर दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार एक किसान ने कहा कि हम शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हम इसे जारी रखेंगे। हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करते हुए दिल्ली में प्रवेश करेंगे। लोकतंत्र में, किसी को विरोध करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

● कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए सिंघु बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

● कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान रोहतक से दिल्ली की ओर आ रहे हैं। एक प्रदर्शनकारी किसान ने समाचार एजेंसी एएनआइ को बताया कि पुलिस ने हमें पानी की बौछारें और आंसू गैस से रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन हमने इसकी परवाह नहीं की और हम दिल्ली की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

● रोहतक-झज्जर बॉर्डर पर इकट्ठा हुए केंद्रीय कृषि सुधार कानूनों का विरोध कर रहे किसान।

गुरुवार को कई जगहों पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई। हरियाणा में गुरुवार को कई जगहों पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प देखने को मिली। पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड, पत्थर और मिट्टी के ढेर को हटाकर किसान हरियाणा में प्रवेश कर गए। पंजाब-हरियाणा सीमा पर हरियाणा पुलिस ने कुल नौ जगह सीमा सील की हुई थी। इनमें से सात जगह किसानों ने बैरिकेड तोड़े तो तीन जगह पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। पूरे दिन सीमा पर तनाव का माहौल बना रहा।

### प्रदर्शनकारियों ने क्या कहा

समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए एक किसान ने कहा कि मुख्य मांग यह है कि उन्हें हमारी बात सुननी चाहिए। वे कृषि कानून लाए हैं और फिर भी, वे हमारी बात नहीं सुन रहे हैं। यदि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और बिचौलियों या सेवा प्रदाता को हटा दिया जाता है तो किसान क्या करेंगे? वहीं सरकार का कहना है कि कृषि सुधार कानूनों से बिचौलिए की भूमिका खत्म हो जाएगी। किसान अपनी उपज सीधे बाजार में बेच पाएंगे। प्रदर्शनकारियों को डर है कि उन्हें उनकी उपज की उचित कीमत नहीं मिलेगी और उनके समय पर भुगतान बाधित हो सकते हैं।

## 36 घंटे से किसानों का धरना जारी, 28 घंटे से आगरा- ग्वालियर हाईवे बंद

**ग्वालियर जाने वाले कुछ भारी वाहनों को सैंया खेरागढ़ भरतपुर होते हुए भेजा जा रहा है। मेधा पाटकर के नेतृत्व में किसान बीते बुधवार रात आठ बजे से सैंया बार्डर के पास राजस्थान सीमा में धरने पर बैठे हैं।**



**आगरा, जागरण संवाददाता।** दिल्ली जाने की जिद पर अड़े किसानों का सैंया बार्डर के पास राजस्थान की सीमा में पिछले 36 घंटे से धरना जारी है। इसकी वजह से 28 घंटे से ग्वालियर हाईवे जाम है। इससे हाईवे के दोनों ओर कई किलोमीटर तक जाम लग गया है। इसको देखते हुए रूट डायवर्ट किया जा रहा है। ग्वालियर जाने वाले कुछ भारी वाहनों को सैंया, खेरागढ़, भरतपुर होते हुए भेजा जा रहा है। वहीं, हल्के वाहनों को दूसरे लिंक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है। समाजिक कार्यकर्ता व नर्मदा बचाओ आंदोलन की अध्यक्ष मेधा पाटकर के नेतृत्व में किसान बीते बुधवार रात आठ बजे से सैंया बार्डर के पास राजस्थान सीमा में धरने पर बैठे हैं। उनके नेतृत्व में किसानों का ये जत्था दिल्ली में नये कृषि विधेयकों के विरोध में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने जा रहा था लेकिन आगरा पुलिस ने उन्हें उत्तर प्रदेश के सैंया बार्डर पर ही रोक दिया। उन्हें आगे नहीं जाने दिया। इससे गुस्साए किसान राजस्थान सीमा में धरने पर बैठे हुए हैं। भरी सर्दी में वह हाईवे पर खुले आसमान के नीचे बैठे रहे। किसानों ने गुरुवार तड़के 4 बजे ग्वालियर हाईवे जाम कर दिया था। बीच हाईवे पर बैठने के कारण तब से लगातार हाईवे जाम है। धौलपुर पुलिस-प्रशासन के आग्रह पर वह गुरुवार दोपहर व शाम को एक-एक घंटे के लिए जरूर हाईवे से हटे थे। इस बीच जाम में फंसे थोड़े-बहुत ही वाहन निकल पाए। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राहुल राज का कहना है कि यूपी पुलिस या तो हमें गिरफ्तार करे या फिर हमें आगे जाने दे।

## शरारती तत्व फैला रहे लखनऊ में मिनी लॉकडाउन की अफवाह, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा फर्जी मैसेज

**लखनऊ, जेएनएन।** सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से कोरोना वायरस को लेकर तरह तरह की अफवाह फैल रही है। हाल में ही शरारती तत्वों ने सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैला दी कि उत्तर प्रदेश सरकार मिनी लॉकडाउन की तैयारी में है। हालांकि वायरल मैसेज में अराजक तत्वों ने लिखा था कि सरकार मिनी लॉकडाउन कर रही है। लॉकडाउन के बाद शरारती तत्वों ने मिनी लॉकडाउन शब्द का इस्तेमाल किया, जिससे लोग गुमराह हो सकें। नतीजा यह हुआ कि तमाम लोग परेशान हुए और अपने शुभचिंतकों से फोन पर इस मुद्दे पर बात करने लगे। सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधिकारियों से भी इस संबंध में फोन पर बातचीत की, जिन्हें बताया गया कि इस तरह का कोई आदेश नहीं हुआ है। बावजूद इसके अलग-अलग सरकारी विभागों में मिनी लॉक डाउन को लेकर आम जनमानस के फोन आ रहे हैं। वायरल मैसेज के हिसाब से यह बताने की कोशिश की गई है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से शनिवार और रविवार को लॉकडाउन किया जाएगा। यही नहीं वाट्सएप पर कुछ अराजक तत्व नाइट कर्फ्यू का मैसेज भी वायरल कर रहे हैं।




## सपा सांसद एसटी हसन बोले- हिंदू लड़कियों को बहन मानें मुस्लिम लड़के

**लव जिहाद तथा धर्मांतरण के खिलाफ अध्यादेश पारित होने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। पीतलनगरी मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन ने मुस्लिम लड़कों से गुजारिश की है कि वह हिंदू लड़कियों को अपनी बहन समझें।**



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ कैबिनेट के लव जेहाद तथा धर्मांतरण पर कानून के मसौदे पर मुहर लगाने का बड़ा असर होने लगा है। मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन ने मुस्लिम लड़कों से सभी हिंदू लड़कियों को अपनी बहन मानने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम लड़के अब हिंदू लड़कियों को अपनी बहन समझें तो उनसे कभी भी नादानी नहीं होगी।

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ कैबिनेट की बैठक में लव जिहाद तथा धर्मांतरण के खिलाफ अध्यादेश पारित होने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। पीतलनगरी मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन ने मुस्लिम लड़कों से गुजारिश की है कि वह हिंदू लड़कियों को अपनी बहन समझें। उन्होंने सूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार के लव जिहाद को लेकर अध्यादेश लाने पर यह प्रतिक्रिया दी है।

डॉ. एसटी हसन ने कहा है कि लव जिहाद एक पॉलिटिकल स्टंट है। हमारे देश में लोगों को अपनी मर्जी से अपना पार्टनर चुनने का अधिकार है। हमारे ही देश में हिंदू तो मुसलमानों से शादी करते हैं। इसके साथ ही मुसलमान भी हिंदुओं साथ शादी करते हैं। अगर आप ऐसे मामलों की तह में जाएंगे तो आपको पता चलेगा कि शादियां खुशी-खुशी होती हैं। यहां पर जब बातें बिगड़ जाती हैं तब वो आरोप लगाना शुरू कर देते हैं कि लड़का मुसलमान था। मैं मुस्लिम लड़कों से गुजारिश करूंगा कि हिंदू लड़कियों को अपनी बहन मानें। नहीं तो सरकार उन्हें प्रताड़ित करेगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया है कि भाजपा जब भी चुनाव आते हैं हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दूरी पैदा कर देती है।

योगी आदित्यनाथ सरकार के कथित लव जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए लव जिहाद अध्यादेश को मंजूरी देने के बाद से कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी भी भाजपा सरकार के इस कदम की आलोचना कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को जो अध्यादेश पास किया है उसके मुताबिक गैरकानूनी धर्मांतरण और लड़की का धर्म परिवर्तन कराने के इरादे से अंतर-धा?मक विवाह के मामले में 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 के मुताबिक एक विवाह को शून्य घोषित कर दिया जाएगा, यदि उसका एकमात्र इरादा लड़की का धर्म बदलना होगा।

सरकारी बयान के मुताबिक जो लोग इस प्रस्तावित कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए धर्मांतरण कराएंगे, उन्हें 10 साल तक की जेल की सजा भुगतनी होगी। यही नहीं, यदि पाया गया कि धर्मांतरण जबर्दस्ती, उत्पीड़ित कर-के या धोखे से किया गया है तो अपराध गैर-जमानती होगा। इसके साथ ही इसमें एक यह भी प्रावधान है कि अगर दो व्यस्क अलग-अलग धर्म में विवाह करना चाहते हैं तो उन्हें जिलाधिकारी को इसकी पूर्व सूचना देनी होगी। इस तरह अध्यादेश का फोकस प्यार के नाम पर होने वाले गोरखधंधे को रोकना है।

## दिल्ली से आया विमान इंदौर में हुआ खराब यात्रियों का हंगामा, आठ घंटे देरी से रवाना

**इंदौर, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गुरुवार को दिल्ली से आया गो एयर कंपनी का विमान खराब हो गया। सुधारने में करीब आठ घंटे लग गए। इस दौरान सही सूचना नहीं मिलने पर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। कंपनी ने विस्तारा एयरलाइंस के विमान से दिल्ली से पार्ट्स भी बुलवाए। इसके बाद शाम सात बजे विमान रवाना हो सका।




एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक, गो एयर की फ्लाइट दिल्ली से सुबह 10.20 बजे इंदौर आकर 11.10 बजे वापस दिल्ली जाती है। गुरुवार को यह फ्लाइट तय समय से 20 मिनट देरी से 10.40 बजे इंदौर आई। जब वापस जाने के लिए विमान में यात्रियों को बैठाने की तैयारी की जा रही थी तभी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को खराबी आने की जानकारी दी। इंजीनियरों की टीम ने विमान की जांच की तो शिकायत सही मिली। इस दौरान यात्रियों को टर्मिनल में ही रोक दिया गया।

जानकारी के अनुसार, एयरलाइंस के कर्मचारी यात्रियों को ठीक से जानकारी नहीं दे पाए और उन्हें कुछ देर में उड़ान भरने का आश्वासन देते रहे। दो घंटे इंतजार के बाद यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस उड़ान से जाने वालों में छोटे बच्चे,महिलाएं और बुजुर्ग भी थे, जो परेशान हो रहे थे। कुछ यात्रियों ने दूसरा विमान बुलवाने की भी मांग की, लेकिन अधिकारियों ने असमर्थता जताई।

हंगामा देख सभी यात्रियों के खाने-पीने की व्यवस्था की गई। कुछ यात्रियों ने अपना टिकट निरस्त करवाकर दूसरी फ्लाइट का करवा लिया। प्रबंधन ने बताया कि विमान की जांच में कुछ पार्ट्स खराब पाए गए थे, जिन्हें दिल्ली से विस्तारा की फ्लाइट से मंगवाया गया। इसके बाद यह विमान तय समय से करीब आठ घंटे देरी से शाम सात बजे दिल्ली रवाना हो सका।

## 43,082 नए मामलों के साथ संक्रमण का आंकड़ा 93 लाख के पार

**नई दिल्ली, एएनआइ।** केंद्रीय मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोविड-19 संक्रमण के कुल नए मामलों का आंकड़ा 43 हजार 82 है और मरने वालों का आंकड़ा 492 है। इसके साथ ही अब तक देश में कुल संक्रमण के मामले 93 लाख 9 हजार 7 सौ 88 हो गए हैं वहीं मरने वालों का आंकड़ा 1 लाख 35 हजार 7 सौ 15 हो गए। बता दें कि फिलहाल देश में सक्रिय मामलों की संख्या 4 लाख 55 हजार 5 सौ 55 है और संक्रमण से स्वस्थ होने वाले कुल मामलों की संख्या 87 लाख 18 हजार 5 सौ 17 है वहीं पिछले 24 घंटों में संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 39 हजार 3 सौ 79 है।

## चीन से तनाव के बीच सीमा पर तैनात किए जाएंगे अमेरिकी और इजरायली ड्रोन, हो रही डील

**नई दिल्ली, एएनआइ।** चीन पर नजर रखने के लिए भारतीय सेना अमेरिका और इजरायल से निर्मित ड्रोन का सौदा कर रही है। दरअसल, चीन सीमा के पास निगरानी के लिए भारतीय सेना को दोनों देशों की ओर से ड्रोन की डील की बात सामने आई है। इसके तहत इजरायली हीरोन और अमेरिकी मिनी ड्रोन भारत की सेना को पूर्वी लद्दाख में चीन पर नजर बनाए रखने में मदद करेगा।

इजरायल से ड्रोन 'हीरोन' के अधिग्रहण की डील अंतिम चरण में है और दिसंबर में इसके पूरा होने की करीब है। हीरोन ड्रोन को चीन से जुड़ी लद्दाख सीमा में तैनात किया जाएगा। बता दें कि चीन से तनाव के बाद मौजूदा भारतीय सुरक्षाबल को पहले से कहीं अधिक एडवांस होना होगा। इन ड्रोन्स का अधिग्रहण पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंजूर की गई वित्तीय पावर के तहत किया जा रहा है। इससे 500 करोड़ रुपये की कीमत वाले सिस्टम व उपकरणों को खरीदा जा सकता है जो किसी भी जंग के लिए सक्षम हों। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका से डील के तहत प्राप्त होने वाले मिनी ड्रोन बटालियन स्तर पर सैनिकों को दिए जाएंगे और हाथ से ऑपरेट करने वाले इन ड्रोनों के जरिए किसी खास लोकेशन या उस संबंधित इलाके के बारे में पता लगाया जाएगा।




दोनों देशों के साथ ड्रोन की डील संपन्न होने के बाद भारतीय सेना की सामरिक ताकतों में भारी इजाफा हो जाएगा। ये ड्रोन पूर्वी लद्दाख और चीन से लगते अन्य सीमाई इलाकों में सुरक्षाबलों की सर्विलांस क्षमता को और बढ़ाने में मदद करेंगे। इजरायल के हीरोन सर्विलांस ड्रोन की डील अंतिम फेज में पहुंच चुकी है। दिसंबर के अंत तक डील के पूरी होने की उम्मीद जताई गई है।

भारतीय सुरक्षाबलों की तरफ से इन हथियारों की खरीद से वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास चीन के साथ जारी तनाव को कम करने में भारत को मदद मिलेगी। आखिरी बार सुरक्षाबलों को यह सुविधा उस वक्त दी गई थी जब पिछले साल 2019 में पाकिस्तान स्थित बालाकोट में आतंकियों के ऊपर हवाई हमले किए गए थे। इस पावर का इस्तेमाल करते हुए भारतीय नौसेना ने दो प्रीडेटर ड्रोन्स अमेरिकन कंपनी जनरल एटोमिक्स से लीज पर लिया है।

## संक्षेप समाचार

### कोल समाज के युवाओं में एकजुटता से ही होगा सामाजिक विकास : जय नारायण कोल

**करमा ।** कोल आदिवासी विकास सेवा समिति के तत्वावधान में संगठन के अध्यक्ष जय नारायण कोल नें समाज के युवाओं एवम महिलाओं का हौसलाफजाई करतें हुए श्री जय नारायण कोल नें लोगों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देनें का आग्रह किये आगे उन्होने सभी लोगों से कोविड -19महामारी से बचने का भी निवेदन किये ।प्रमुख वक्ताओं के रूप सभा कों संबोधित करतें हुए युवा समाजसेवी राघवेन्द्र ठकुरिया नें युवाओं कों एकजुट होकर समाज के उत्थान में सहयोग की अपील किये आगे युवा समाजसेवी श्री ठकुरिया नें यह भी कहा कि कोल समाज नें देश की प्रगति में सदैव अपना योगदान दिया इतना ही नही आर्थिक दशा प्रतिकूल होनें के बावजूद भी सदैव जल , जंगल एवम जमीन की रक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अभूतपूर्व सहयोग किया किन्तु आदिवासी वर्ग आज भी विभिन्न कष्टों में जी रहा हैं जिसका निवारण अतिशीघ्र सरकार की प्राथमिकता हैं। श्याम लाल कोल, इन्द्रेश कान्ती, डा0बाबू लाल कोल, राम नारायण कोल मवैया, चन्द्रशेषर कोल उक्त सामजिक आयोजन का संचालन अवधेश कोल नें किया।

# मवेशी से टकराने के बाद डिवाइडर से भिड़ा बाइक सवार, एक भाई की मौत दूसरा घायल

**जारी से शादी के कार्यक्रम से वापस घर जाते समय बुदावा हाईवे पर हुई घटना**



मृतक बबलू बिन्द (फाइल फोटो)

**घूरपुर।** क्षेत्र के बुदावा गांव के सामने रीवा हाईवे पर बारात से वापस घर जाते समय बेसहारा मवेशी से बाइक सवार टकरा कर डिवाइडर से भिड़ गया। जिससे सवार एक भाई की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा छोटा भाई घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा शव को पीएम के लिए भेजा। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घूरपुर क्षेत्र के पंवरी गांव निवासी बबलू बिंद 35 वर्ष पुत्र राम आसरे ट्रक चालक है। अपने छोटे भाई शिव सागर 30 वर्ष के साथ बाइक से बुधवार की रात कौंधियारा क्षेत्र के जारी बाजार में बारात में शामिल होने के बाद घर वापस जा रहे थे कि जैसे ही बुदावा गांव के सामने रीवा हाईवे पर पहुंचा कि अचानक एक बेसहारा मवेशी बाइक के सामने आ गई जिससे वह टकराकर डिवाइडर से भिड़ गया । हादसे में बबलू बिंद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छोटा भाई शिव सागर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को जसरा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया और शव को पीएम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### बेसहारा मवेशी ने पत्नी व चार मासूम बच्चों को कर दिया बेसहारा

बुदावा हाईवे पर अचानक बेसहारा मवेशी आने से टकराने के बाद हादसे में बबलू बिंद की हुई मौत से पत्नी व चार बच्चे बेसहारा हो गये ।उनके उपर दुःखों का पहाड़ टूट गया। ट्रक चला कर पत्नी सुशीला देवी व दो बेटी राधिका, प्रभा व दो बेटे मिथिलेश, प्रमोद का जीविकोपार्जन करता था ।बच्चो के सिर से पिता का साया छिन जाने से अनाथ हो गये। अभी सभी बच्चे छोटे छोटे है। ऐसे में अब कौन देखभाल करेगा इसे लेकर लोग चर्चा कर रहे थे। पत्नी सुशीला कई बार बेहोश होकर बेसुध हो जाती थी। मां सुषमा देवी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। पत्नी सुशीला को परिवार की महिलाए सभाल सांत्वना दे रही थी। क्षेत्र के हाईवे पर बेसहारा मवेशियों का झुंड तो कई जिंदगियों को अब तक निगल चुकी है ।वावजूद शासन-प्रशासन बेसहारा मवेशियों को हाईवे से हटाने में नाकायाब रहे है।

## लड़की को बचाने के चक्कर में आटो रिक्शा पलटी, अध्यापिकाएं घायल

**बरौत।** हड़िया कस्बा जघंई तिराहे गुरुवार की सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई जब आटो रिक्शा एक लड़की के बचाने के कारण पलट गया। आटो रिक्शा में बैठी अध्यापिका कुलसुल बानो निवासी करैली, मधुकिल कुशवाहा निवासी करैली ममता मिश्रा निवासी कमला नेहरू प्रयागराज को गंभीर चोट लगने से स्थानीय उपचार के बाद प्रयागराज भेजा गया। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आटो को कब्जे में लेकर थाने ले गई।



आगम में जलकर खाक गृहस्थी का सामान

## अज्ञात कारणों से आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ राख

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत ग्रामसभा ऊंचडीह बाजार में अज्ञात कारणों से आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ राख। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय शंकर पुत्र स्वर्गीय श्याम बिहारी के घर में अज्ञात कारणों से आग लगने से घर की गृहस्थी सहित लाखों का सामान जलकर हुआ राख। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। परिजनों का रोना है। गरीब मजदूर का कहना है कि इस समय कोरोना संक्रमण महामारी में से हम लोग जूझ रहे थे किसी तरह भरण पोषण करते थे। लेकिन घर मे आग लगने से सब कुछ जलकर खाक हो गया ।घर मे खाने के लिए एक भी दाने नही है। तहसील से कोई अधिकारी इस घटना को देखने तक नही आया ।इस गरीब आदमी मजदूरी करके बच्चों का भरण पोषण करते था। लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। घर में खाने के लिए एक भी दाना नहीं बचा और रहने के लिए छत भी नहीं है। ऊंचडीह बाजार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कल्लू पांडेय व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार भारतीय और समाजवादी पार्टी रचित कुमार वविश्वकर्मा ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा हम सब इस दुःख की घड़ी में आपके साथ में हैं। जो भी मदद होगा हम करने के लिए तैयार हैं।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत दूसरा गंभीर

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के रामनाथ पट्टी गांव के सामने बुधवार को बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दिया । जिसमें बाइक पर बैठे युवक की मौत हो गईद्य दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बगई खुर्द गांव निवासी शुभम मिश्रा 20 वर्ष पुत्र सुरेश मिश्रा गांव के ही अमन मिश्रा पुत्र शशिकांत मिश्र के साथ जनता इंटर कॉलेज रुदापुर में किसी काम से गए हुए थे बाइक सवार दोनों युवकों के सड़क पार करते समय प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर रूप से घायल शुभम मिश्रा को इलाज के लिए प्रयागराज निजी चिकित्सालय ले गएए जहां पर चिकित्सकों ने शुभम मिश्रा 20 वर्ष पुत्र सुरेश मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अमन मिश्रा का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। शुभम मिश्रा तीन भाइयों में से दूसरे नंबर का था तथा वह स्नातक का छात्र है । उसकी मौत से माता गुड़िया सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मृतक के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक

**सहसों।** विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना सड़क हादसे में बगई खुर्द गांव निवासी शुभम मिश्रा के निधन पर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया तथा मृतक शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित किया द्य इसी क्रम में गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज पटेल नगर के प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट छोटे लाल पाल निवासी रामनाथ पट्टी देवनहरी के निधन पर भी क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने शोक संवेदना व्यक्त किया द्य तथा उमरीमय टटीहरा गांव निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक ओम प्रकाश मिश्र के निधन पर भी क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल ने शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिजनों को ढाढस बंधाया इस मौके पर टी एन सिंह, दशरथ पाल, देवराज उपाध्याय, नागेंद्र उपाध्याय, दिनेश मिश्रा, पवन शुक्ला, योगेंद्र मिश्रा, अमरीश मिश्रा, संजय मिश्रा एडवोकेट, सुरेंद्र मिश्रा, सीनियर अधिवक्ता पंडित राम बली मिश्र, प्रदीप मिश्र उर्फ गुड्डु, राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव एवं मित्र सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति आदि ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

### बंद कोरोना अस्पताल फिर खुलेंगे

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण की मार फिर तेज होती दिख रही है। स्वास्थ्य विभाग संक्रमण बढ़ने की स्थिति से निपटने को लेकर खास इंतजाम कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग अब बंद कोरोना अस्पतालों को दोबारा खोलने की तैयारी में है। इन अस्पतालों को करीब एक माह पहले मरीज व संक्रमण कम होने पर बंद कर दिया गया था। कोरोना संक्रमण के दौर में बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रेलवे अस्पताल के अलावा यूनानी मेडिकल कॉलेज व कालिंदीपुरम अस्पताल में भर्ती करने की व्यवस्था की थी। रेलवे अस्पताल में सौ बेड की व्यवस्था थी, जबकि यूनानी मेडिकल कॉलेज में 40 व कालिंदीपुरम में छह सौ बेड थे। कालिंदीपुरम कोविड केयर सेंटर के तौर पर कार्य कर रहा था। करीब एक माह पहले संक्रमण का असर काफी कम होने व मरीजों की संख्या में कमी के बाद तीनों अस्पताल को बंद कर दिया गया था। एक बार फिर संक्रमण की मार तेज होती दिख रही है। आशंका है कि आगे इसका असर और बढ़ेगा। कोविड 19 के नोडल अफसर डॉ ऋषि सहाय ने बताया कि कोरोना का असर फिर बढ़ता दिख रहा है। खतरे की आशंका व विपरीत हालात से अच्छी तरह निपटने के लिए बंद अस्पतालो को फिर से शुरू किया जाएगा।

# धूमधाम से हुआ तुलसी माता व शालिग्राम भगवान का विवाह

**सामान्य विवाह की तरह पूरे विधि-विधान से निभाई गईं रश्में**



विधि विधान से शालिग्राम भगवान और तुलसी माता का विवाह करते हुए

**शंकरगढ़।** गुरूवार को उत्तर प्रदेश-मध्य प्रदेश की सीमा पर तुलसी विवाह का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। ढोल नगाड़ों के साथ बारात निकाली गई और द्वारपूजा, पवपुजी, विदाई आदि की रश्म विधि-विधान निभाई गई।

पटिवार-नारीबारी प्रयागराज के वर पक्ष के यहां से शालिग्राम भगवान की बारात पहुंची। प्रदीप कुमार व उनका पूरा परिवार, मित्र इस तुलसी विवाह में बाराती बने। इसके बाद बारात ढोल नगाड़ों के साथ जगह-जगह स्वागत-सत्कार के साथ चाकघाट के हनुमान मन्दिर के आगे दुर्गा प्रसाद सोनी के आवास पर बने मंडप पर पहुंची। बारात के पहुंचने के बाद वधु पक्ष के मनीष सोनी, प्रदीप सोनी, शिवप्रसाद सोनी, आशीष सोनी व उनके परिवार ईष्टमित्रों ने बारात का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद मंडप में ठाकुर जी का संकीर्तन हुआ। शालिग्राम भगवान और तुलसी माता का विवाह पूरे विधिविधान के साथ सामान्य विवाह की तरह हुए, जिसमें द्वारचार, विवाह गीत, भजन, गाली विदाई गीत व तुलसी विवाह आदि मंगलगायान हुआ। आचार्य पंडित प्रदीप कुमार मिश्र ने विवाह कराते हुए सैकड़ों महिलाओं ने तुलसी माता व शालिग्राम भगवान की पवपुजी की। इसके बाद तुलसी माता और शालिग्राम भगवान के सात फेरे के बाद भोजन व मड़वा हिलवाई जैसे कार्यक्रम कराते हुए पूरी सामग्री के साथ विदाई कराई गई। मान्यता है कि तुलसी विवाह करवाने से दाम्प्त्य जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलता है। इसके बाद बारातियों के भोजन पश्चात दक्षिणा दिया गया। तुलसी विवाह में भगवान शालिग्राम के बाराती गंगा प्रसाद गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, प्रदीप कुमार, बदन मिश्रा आदि मौजूद रहे। तो वहीं घराती पक्ष से मीना सोनी, इतिश्री सोनी, मनीष, प्रदीप, शिवप्रसाद सोनी, आशीष सोनी आदि मुख्य रूप से रहे। घराती पक्ष के महिलाओं ने भाग लेकर भारी मात्रा में पवपुजी की। उसके बाद तुलसी माता की नम आंखों से विदाई की गई। इस अवसर पर चाकघाट के केसरवानी समाज के लोग भी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के खिलाफ बिजली कर्मियों ने भरी हुंकार

**प्रयागराज।** इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2020 के खिलाफ बिजली कर्मचारियों नए प्रयागराज में हुंकार भरी है। इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल को लेकर कर्मचारियों में जबरदस्त नाराजगी है उनकी मांग है कि इस बिल को रदद किया जाए वरना उनका आंदोलन जारी रहेगा। आगे वे हड़ताल के लिए भी कर्मचारियों को लामबंद करने की रणनीति बनाने पर विचार कर रहे हैं।

विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा इलेक्ट्रिसिटी एमेंडमेंट बिल 2020 के विरोध में गुरुवार को विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज की इकाई ने भी प्रदर्शन किया। वर्क टू रूल का अनुपालन करते हुए मुख्य अभियंता (वितरण) प्रयागराज परिक्षेत्र के परिसर में संगठन के प्रांतीय महामंत्री पीएन मिश्रा के नेतृत्व एवं जनपद अध्यक्ष अनुपम राय चौधरी की अध्यक्षता में भोजनावकाश में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जमकर नारे भी लगाए गए। कर्मचारियों ने बार-बार कहा कि ऐसे बिल को सहन नहीं किया जाएगा।

सभा का संचालन बालकृष्ण पांडेय, क्षेत्रीय मुख्य सचिव द्वारा किया गया। इस सभा को अभिषेक दास, प्रांतीय संगठन मंत्री,अखिलेश कुमार शर्मा, कार्यवाहक क्षेत्रीय अध्यक्ष, अभय नाथ राय, क्षेत्रीय सचिव, विनय चौरसिया, मंडल अध्यक्ष प्रथम, अनित कुमार यादव, मंडल सचिव,मोनिका श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता ने संबोधित किया,सभा में हेमंत त्रिपाठी, संजय पांडेय,एस एम ए रिजवी, अनुपम श्रीवास्तव, एस पी तिवारी, सलीम अहमद, ओम प्रकाश, रवीन्द्र सिंह, सुनील सिंह, सुधीर नारायण यादव, सज्जन यादव, हितेश भटनागर, सुरेंद्र यादव, सोनू, प्रमोद श्रीवास्तव, अर्चना कुशवाहा, दशरथ कुमार, सन्नी पटेल, चन्द्रशेखर, मोहम्मद अजीज,शहबाज अहमद, सूदर्शन यादव, इरफान गनी खान, अखिलेश कुमार, सुप्रिया सिन्हा आदि सहित संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।




इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते विद्युत कर्मचारी

# घर से निकली विवाहिता पहुँची गोरखपुर, पुलिस ने किया बरामद



परिजनों के साथ विवाहिता

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र क्षेत्र के भसुंदर (मझली) गांव की विवाहिता को पुलिस ने गोरखपुर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल लोगों में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है। बतादे की भसुंदर गांव निवासी महेश यादव की पत्नी प्रियंका यादव 12 नवंबर को घर से कालेज के लिए निकली, लेकिन शाम तक वह घर वापस नही पहुंची। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका। थकहार कर परिजनो ने मेजा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में जुटी पुलिस को विवाहिता के गोरखपुर में मौजूदगी की सूचना मिली। मेजारोड चौकी के उपनिरीक्षक नवीन सिंह गोरखपुर पहुंच युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौप दिया। युवती ने बताया की वह अपनी मर्जी से घर से निकली थी, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही होने के कारण वह बस से गोरखपुर अपनी सहेली बबिता के पास चली गई थी और उसी के पास रह रही थी। लेकिन क्षेत्र में इस घटना से लीगो के बीच मे तरह-तरह की चर्चा बनी है।

# दिव्यांग शिविर में सैकड़ों दिव्यांगों ने कराया अपना पंजीकरण व जांच

**जसरा।** विकास खंड जसरा में गुरुवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों दिव्यांगों ने अपना पंजीकरण कराकर जांच कराया। सीएचसी अधीक्षक जसरा डा० तरुण पाठक व प्रभारी बीडीओ रामपाल ने दिव्यांगजनों को मास्क वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जसरा ब्लॉक परिसर में सुबह से ही क्षेत्र के दिव्यांग जनों का आना शुरू हो गया। जिसमें सीएमओ कार्यालय से आये हुए डा०राजेश सिंह ने आंख व डा०रणधीर सिंह ने हाथ पैर से संबंधित दिव्यांगों का गहन परीक्षण किया। दिव्यांग जनों के पंजीकरण हेतु बाहर काउंटर लगाया गया था। पंजीकरण के बाद सभी दीव्यांगों को कोविड-19 की जांच कराना अनिवार्य किया गया था। दिव्यांग कैम्प में कुल 152 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें यू०डी० आई०डी० कार्ड 61, सीएमओ प्रणाम पत्र 47 के साथ ही कित्रिम सहायक उपकरण 61 लोगों को देने के लिए तैयार किया गया। जब कि दिव्यांग पेंशन, शादी अनुदान, करेक्टिव सर्जरी का कार्यक्रम बाद में किया जाएगा। इस अवसर पर एडीओ सी राकेश सिंह, गजेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, अमरजीत यादव, नगीना सिंह यादव, शैलेन्द्र दुबे, आशीष वर्मा, शैलेन्द्र मौर्य, प्रशांत मिश्र, धर्मेंद्र, राजीव मिश्र व राजकुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




दिव्यांग शिविर में जांच करते डॉक्टर्स

### रेल यात्रियों को कोरोना के प्रति जागरूक करेंगे गप्पू भैया

**प्रयागराज।** रेलवे के गप्पू भैया अब कोरोना को लेकर यात्रियों को जागरूक करेंगे। कुम्भ मेला में धूम मचाने वाले गप्पू भैया ट्रेन यात्रियों के समक्ष उत्तर मध्य रेलवे के स्टेशनों पर नई भूमिका में दिखाई पड़ेंगे। उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों और कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए एनीमेटेड वीडियो तैयार किया है। गप्पू भैया का एनीमेटेट वीडियो उत्तर मध्य रेलवे के डिजिटल स्क्रीन पर दिखाई पड़ेगा। प्रयागराज जंक्शन पर बुधवार रात से इसका डिस्प्ले शुरू हो गया। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने प्रयागराज जंक्शन पर गप्पू भैया का वीडियो जारी किया। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा और संरक्षा पर गप्पू भैया का एनीमेटेड वीडियो बहुत लोकप्रिय हुआ था। कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच गप्पू भैया चर्चा का विषय बने हुए थे। जंक्शन पर वीडियो रिजील के दौरान मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## नारीबारी क्षेत्र के दर्जनो गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई, लगा गन्दगी का अम्बार

**नारीबारी।** नारीबारी बाजार के आस-पास कई गांवों में सफाई कर्मियों के न दिखने के कारण सफाई व्यवस्था पूर्णरूपेण ध्वस्त हो चुकी है जहां मुख्य मार्गो से लेकर गांवों की गलियों तक गन्दगी का अम्बार देखा जा सकता है और लोग इस गन्दगी के आसपास रहने और उन रास्तो से हो कर चलने के लिए मजबूर हैं इसको लेकर साशन से प्रशाशन तक मौन बना हुआ है जहां से लोगो को आज तक यह नही पता चल सका कि पूर्व की सरकरों में गांवों मे नियुक्त हुए ये सफाई कर्मी अब हैं या नही हैं क्यों की हद इस बात से हो जाती है कि सफाई के नाम पर गांवों में इनके दर्शन भी दुर्लभ हो गये हैं कभी कभार मुख्य पर्वो त्योवहारों पर इन गांवों की सफाई नजर आती है गौरतलब है कि जो सफाईकर्मी इन गांवों की सफाई करते हुए कभी कभी दिखते हैं तो पूछे जाने पर वे अपने आप को प्राइवेट कर्मचारी बताते हैं व अतिरिक्त पैसे की मांग करते हैं इस व्यवस्था से मोदी सरकार व योंगी सरकार की गांव गांव स्वच्छता की बात झूठ का पुलिन्दा साबित होता हैं। और गन्दगी से जूझ रहे लोग सरकार को कोसने से बाज नही आते क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मुख्य मंत्री उ0प्र0 सरकार योगी आदित्य नाथ से इस व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त कराने की मांग की हैं।

### नकल व्यक्ति के व्यक्तित्व कों खत्म कर देता है : श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी

**करमा ।** किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करनें के लिए व्यक्ति में धैर्य, कड़ी मेहनत, लगन, आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारण बहुत ही आवश्यक हैं उक्त बातें बारी तहसील में जारी हल्के की लेखपाल श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी जी नें गुरुवार कों वर्चुअल बैठक के माध्यम यमुनापार के विभिन्न इंटर कालेजों के स्कूली छात्राओं के प्रोत्साहन में व्यक्त की आगे उन्होने स्वयं का उदाहरण पेश करतें हुए आगे यह भी बोली कि वह राजस्व निरीक्षक का पदभार ग्रहण करनें के पूर्व प्राथमिक, जूनियर अध्यापक एवम रेलवे की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर चुकी हैं आगे उन्होने बेटियों के संबोधित करतें हुए यह भी आग्रह के साथ यह भी बोली कि अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण एवम जीवन में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों कों सदैव नकल से दूर रहना चाहिए नकल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व कों नष्ट कर देता हैं।

## संक्षेप समाचार

### पूर्व अधिकारी के निधन पर शोक

**करछना।** क्षेत्र के चनैनी गांव निवासी पूर्व प्रभारी निरीक्षक 67 वर्षीय राम अनुग्रह तिवारी के निधन से क्षेत्र वासियों में गहरा शोक व्याप्त है।बीते सोमवार की रात उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक औद्योगिक क्षेत्र और कई उप निरीक्षक उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढ़ाढ़स बंधाया और अर्थी को कंधा देते हुए गंगा घाट तक ले गये।निधन के बाद घर पर पहुंचे पास पड़ोस के लोगों ने भी अधिकारी रहते हुए उनके निष्ठापूर्ण सेवा और स्वाभाव की चर्चा की।उधर मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज करछना में हुई शोकसभा के दौरान प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर सहित शिक्षकों ने भी उनके मृदुभाषिता आपसी प्रेम,सद्भाव पूर्ण व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।निधन की सूचना पाकर दूसरे दिन भी लोगों का उनके घर पर आना जाना लगा रहा।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने किया सिक्स लेन एक्स्ट्राडोज पुल का कार्य शुभारंभ

## पुल और एप्रोच रोड के निर्माण कार्य का गुरूवार को मलाक हरहर में कार्यक्रम से शुभारंभ किया गया

**प्रयागराज।** गंगा नदी पर बनने वाले 9.9 किलोमीटर लंबे पुल और एप्रोच रोड के निर्माण कार्य का गुरूवार को मलाक हरहर में कार्यक्रम से शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव मौर्या मंच पर उपस्थित रहे। जबकि सीएम योगी आदित्यनाथ, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ऑनलाइन उपस्थित रहे। कार्य शुभारंभ अवसर पर डिप्टी सीएम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में कई कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। लेकिन इसमें से सबसे बड़ा हिस्सा प्रयागराज का है। इसके लिए हम मुख्यमंत्री के आभारी है। यह पुल प्रयागराज को विकास के पथ पर ले जाएगा।




मंच पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य

डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि राम वन गमन मार्ग का शीघ्रता से कार्य प्रारंभ हो। राम भक्तों की बड़ी मांग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद इतनी सड़कें नही बनी जितनी भाजपा सरकार में छह सालो में बनी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है यह पुल आधुनिक तकनीकी पर बनेगा। एक्स्ट्राडोज तकनीक पर बन रहा यह पुल पर्यटन का केंद्र बनेगा।

**यह होगी विशेषताएं**

- 9.9 किमी लंबा होगा। इसमें पुल और एप्रोच मार्ग भी शामिल है।
- 1948.25 करोड़ रुपये निर्माण में आएगा खर्च
- 09 गांवों सदर तथा सोरांव तहसील के हैं, जहां से होकर गुजरेगा यह पुल
- 03 वर्ष में यह विशेष पुल बनकर तैयार होगा
- 2018 में इस पुल की मंजूरी मिली थी, तब केंद्रीय सड़क - परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आए थे, उन्होंने इसकी स्वीकृति की घोषणा की थी
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बनवाएगा। नया पुल प्रयागराज में एनएच-96 पर मौजूदा पुराने दो लेन के फाफामऊ पुल पर यातायात की भीड़ की समस्या को हल करेगा।
- सूबे के पहले एक्स्ट्रा डोज (केबल व बॉक्स मिलाकर) पुल सोरांव तहसील के मोरहूं कछार, मोरहूं उपरहार, मलाक हरहर उपरहार, बेला कछार फाफामऊ तथा सदर तहसील के मेहदौरी कछार, म्योराबाद, असदुल्लापुर नकौली कछार, बेली कछार, बेली उपरहार गांव से होकर गुजरेगा।
- नया पुल कुंभ, माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को भी सुविधा देगा। इससे प्रयागराज में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।
- यह नया सिक्स लेन पुल राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और राष्ट्रीय राजमार्ग-76 के माध्यम से नैनी पुल से होकर मध्य प्रदेश से आने वाले और लखनऊ व फैजाबाद जाने वाले यातायात के लिए भी फायदेमंद होगा।




- यह पुल नई दिल्ली से कोलकाता जाने वाले ग्रांड ट्रंक (जीटी) रोड को जोड़ेगा। इसके अलावा अयोध्या- गोरखपुर, प्रयागराज-लखनऊ हाईवे को भी जोड़ेगा।
- इस पुल के फाफामऊ के मलाक हरहर छोर पर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम भी प्रस्तावित है, जिसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है।
- इस पुल से ही प्रयागराज में प्रस्तावित आउटर रिंग रोड को भी जोड़ने का प्रस्ताव है। रिंग रोड पर आठ टाउनशिप बसाने की भी योजना है।

# सोरांव में वाहन की चपेट में आकर अधेड़ की हुई मौत, मचा कोहराम

**प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे मार के अब्दाल पुर गांव के सामने की है घटना**

**सोरांव।** प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे मार्ग पर गुरुवार की सुबह टहलने निकले एक अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर अवस्था में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर गांव पहुंची तो परिजन में कोहराम मच गया। घटना सोरांव इलाके के अब्दालपुर गांव के सामने हाईवे मार्ग की है।

सोरांव थाना क्षेत्र के सराय बाजू गांव निवासी शिवनाथ पाल के पांच पुत्रों में सबसे छोटे पुत्र रामधन पाल उम्र 56 वर्ष घर पर रहकर पेंटिंग का कार्य करता था। रोज की तरह गुरुवार की भोर वह प्रयागराज प्रतापगढ़ हाईवे मार्ग पर टहलने के लिए पैदल निकला था। जैसे ही वह अब्दालपुर गांव के सामने पहुंचा कि तेज रफ्तार के एक वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद घायल को गंभीर अवस्था में शहर के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर जब गांव पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि घटना के बाद पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने में जुट गई है।

### चिल्ड्रेन नेशनल इंस्टीट्यूट के सचिव का दर्ज होगा बयान

**प्रयागराज।** स्वराज भवन स्थित चिल्ड्रेन नेशनल इंस्टीट्यूट से चार बच्चियों को बाल कल्याण समिति की इजाजत के बिना घर भेजने के प्रकरण में कर्नलगंज पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। गुरुवार को संस्था से जुड़े अफसरों व बालिकाओं का बयान दर्ज किया जाएगा। इसके बाद इस मुकदमे में आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस की जांच से स्पष्ट होगा कि संस्था के सचिव पर लगा आरोप कितना सही है। दरअसल संस्था से जुड़े अधिकारियों ने इस आरोप को मनगढ़ंत बताया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र ने चिल्ड्रेन नेशनल इंस्टीट्यूट प्रयागराज के सचिव के खिलाफ किशोर न्याय बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 75 के तहत कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि संस्था किशोर न्याय अधिनियम 2015 बालकों की देखरेख एवं संरक्षण नियम का पालन नहीं कर रही है। संस्था में आवासीय 4 छात्राओं को बिना बाल कल्याण समिति प्रयागराज के आदेश से संस्था से घर भेजा गया जो किशोर न्याय अधिनियम 2005 बालकों की देखरेख एवं संरक्षण नियम के विरुद्ध है।

# कोर में 71वें संविधान दिवस का आयोजन

**प्रयागराज।** भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविद द्वारा गुजरात के केवड़िया से संविधान दिवस के अवसर पर आज दिनांक 26 नवम्बर 2020 को 11.00 बजे संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया उनके वाचन के साथ-साथ केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के महाप्रबंधक यशपाल सिंह एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी राष्ट्रपति महोदय के वाचन का अनुसरण करते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

महाप्रबन्धक महोदय के नेतृत्व में 11.30 बजे केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज में संविधान दिवस के अन्तर्गत मौलिक कर्तव्यों के पालन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई गयी।



अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते महाप्रबंधक

ज्ञात हो कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान को आत्मार्पित किया गया था। उसी के याद में संविधान दिवस का आयोजन प्रति वर्ष 26 नवम्बर को किया जाता है। राष्ट्र को प्रभुता सम्पन्न बनाने एवं जन आकांक्षाओं की पूर्ति में संविधान की अहम भूमिका है। लोगों को जागरूक करने हेतु संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों का ज्ञान अति आवश्यक है। इन्ही अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए संविधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कोर के सभी विभागाध्यक्ष अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत अभियन्ता आशुतोष, प्रमुख मुख्य अभियन्ता अकमल वदूद, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, हरीश गुप्ता, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक डी.के.गुप्ता, प्रमुख वित्त सलाहकार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कोर के सभी परियोजनाओं में भी संविधान दिवस का आयोजन मुख्य परियोजना निदेशकों के नेतृत्व में किया गया।

# क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में संविधान दिवस का समारोह आयोजित

**प्रयागराज।** गुरूवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयए वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन करते हुये डॉ. आशा मिश्रा ने भारतीय संविधान बनने की पृष्ठभूमिए उसका दर्शन और संविधान की विशेषता को बताया। समारोह के अध्यक्ष केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रोण अखिलेश कुमार दुबे ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया है कि भारतीय संविधान ने किस तरह हमारी परंपरा को जीवंत रखा है और हमें अपने सर्वांगीण विकास के लिए संविधान के नियमों के अनुरूप चलना चाहिए। केंद्र के सहायक कुलसचिव श्री विनोद वैद्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केंद्र के सभी अधिकारियोंए शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस समारोह में डॉ. अवंतिका शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. ऋचा द्विवेदी, डॉ. अनूप कुमार. डॉ. जोगदंड शिवाजी. जयेन्द्र जायसवाल, शंभुदत्त सती, अनुभाग अधिकारी, राहुल त्रिपाठी, सुश्री रश्मि, जगजीवन, रोहित कुमार आदि शैक्षणिक/गैर.शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।



संविधान दिवस पर शपथ लेते हुए

### प्रयागराज को एक और आरओबी की सौगात

**प्रयागराज।** प्रयागराज के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। तेलियरगंज मजार से बड़ा बघाड़ा सलोरी को जोड़ने के लिए रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण होगा। 53 करोड़ की लागत से बनने वाले इस ओवरब्रिज की जानकारी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर दी। कैबिनेट ने भी इसकी मंजूरी दे दी है। ओवरब्रिज बनने से बड़ी आबादी को जाम से जूझना नहीं पड़ेगा। लंबे समय से तेलियरगंज मजार से बड़ा बघाड़ा सलोरी के लिए रेलवे ओवरब्रिज की मांग की जा रही थी। यहां लगने वाले जाम से हर कोई परेशान है। इस वजह से निर्माण की आवाज लगातार उठाई जा रही थी। रेलवे ओवरब्रिज बनने से आवागमन में बहुत बड़ी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री के ट्वीट व कैबिनेट की मंजूरी के बाद सेतु निर्माण विभाग भी तैयारी में जुट गया है। परियोजना प्रबंधक एसपी बागरी ने बताया कि 53 करोड़ की लागत वाला रेलवे ओवरब्रिज 781 मीटर लंबाई का होगा। कैबिनेट की मंजूरी मिलना सुखद है। अब शासनादेश का इंतजार किया जाएगा। शासनादेश के बाद सेतु निर्माण विभाग इसका निर्माण शुरू कर देगा।

# बच्ची को अगवा कर बेचने के आरोपी को पुलिस तलाश करने में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है फिर भी पुलिस के हाथ खाली

**प्रयागराज।** 20 दिन की बच्ची को अगवा कर 40 हजार रुपये में बेचने वाले अंकित की तलाश में पुलिस जिले भर में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है फिर भी पुलिस के हाथ आरोपी नहीं लग पाया है ' जहां भी पुलिस दबिश देने जाती उसके पहले वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकलता है'शाहगंज पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच ने उसकी तलाश में शहर के सिविल लाइसं, करेली, धूमनगंज समेत कई इलाकों में दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस को आशंका है कि बच्ची को बेचने के बाद मिले रुपये लेकर अंकित शहर से बाहर भाग निकला है। इसलिए पुलिस ने रेलवे और बस स्टेशनों पर उसके बारे में पता लगाने के लिए कोशिश शुरू कर दी है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि कहीं बाहर भागने के लिए उसने सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से तो कोई ट्रेन नहीं पकड़ी। क्योंकि प्रयागराज जंक्शन या शाहगंज क्षेत्र में आते ही पुलिस उसे दबोच लेती। ऐसे में करेली से राजरूपपुर जाने वाले रास्ते से वह सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पहुंचा और यहां किसी ट्रेन में सवार होकर निकल तो नहीं गया। बच्ची को अंकित ने जिस घर के दो लोगों को 40 हजार रुपये में बेचा था। वह पुलिस हिरासत में हैं। इसमें एक महिला भी है। दोनों से लगातार पूछताछ हो रही है। उनका कहना है कि अंकित से उनकी मुलाकात प्रयागराज जंक्शन के पास हुई थी। उनको बच्ची की जरूरत थी और अंकित ने बच्ची देने की बात कही थी। मंगलवार देर रात जब वह पहुंचा तो उसने यह कहते हुए बच्ची को दिया था कि वह उसकी है। उसे रुपये की सख्त जरूरत है इसलिए 40 हजार रुपये में पालने के लिए दे रहा है। हालांकि, यह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। इसमें मामला कुछ और है, जो हिरासत में लिए गए दोनों लोग बता नहीं रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अंकित के पकड़े जाने के बाद पूरा मामला आइने की तरह साफ हो जाएगा। प्रयागराज जंक्शन के बाहर त्रिपाल लगाकर नेहा अपने पति के साथ रहती है। वह मेजा की रहने वाली है और उसका पति टेंपो चालक है।

# देशभक्ति की नृत्य नाटिका देख दर्शकों की भर आई आंखें

**क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों को किया गया सम्मानित**

**लालगोपालगंज।** श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित राष्ट्रीय रामायण मेला में क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने हुनर का मुजाहरा किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं देशभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका के गमगीन दृश्य को देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं। प्रस्तुति के समाप्त होते ही गीत की आवाज बंद होने के बाद सभागार में सन्नाटा छाया रहा। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।


बृहद साक्षरता एवं जागरूकता सम्मेलन में शामिल छात्राएं व अतिथिगण

श्रृंगवेरपुर धाम में राष्ट्रीय रामायण मेला समिति के तहत आयोजित पांच दिवसीय 31 वें राष्ट्रीय रामायण मेला के दूसरे दिन गुरुवार को वृहद साक्षरता एवं जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके संयोजक राजमणि शास्त्री रहे। अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे ने किया। सम्मेलन में पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर नारायण मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। संचालन अनिल कुमार मिश्र ने किया। साक्षरता एवं जागरूकता सम्मेलन में क्षेत्र के विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान कालेज के शिक्षक एवं प्रबंधकों को भी अन्य वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में राधा कृष्ण राधा नृत्य बंसी बजेगी राधा नाचेगी वंदे मातरम और देशभक्ति गीतों पर आधारित विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति की गई वही श्रीरामचरितमानस पर आधारित विभिन्न प्रकार के धार्मिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया। रामदुलारी बच्चू लाल जयसवाल की छात्राओं ने मेजर विक्रम सिंह बत्रा की शहादत की तस्वीर खींचते हुए एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। जिसको देखकर दर्शकों की आंखें भर आईं। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं में प्रियंका मौर्या, प्रिया पांडे, संजना मौर्या, रिया पांडे, जागृति पांडे, अनुष्का मिश्रा, ज्योतिषना पांडे, और संस्कृति शुक्ला को सम्मानित किया गया। इस दौरान अनिल मिश्रा, राजमणि शास्त्री, विद्या पांडे, राजकुमार मिश्रा, विजय प्रकाश, प्रबंधक राकेश जयसवाल, भरत चंद्र मिश्रा, मोहम्मद उमर और अमर सिंह पटेल को सम्मानित किया गया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# इविवि के हॉस्टल खोलने की मांग कर रही छात्राओं ने किया धरना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में करीब सात महीने से सभी छात्रावास बन्द है। ऑनलाक 5 में विश्वविद्यालय व अन्य संस्थाओं को खोला जा रहा है। विश्वविद्यालय के छात्रों का कहना है कि अब विश्वविद्यालय को पूरी तरह से खोला जाए। पठन पाठन भी नियमित रूप से शुरू करें। इसी क्रम में गुरुवार को कुछ छात्राएं कुलपति आवास पर धरना दे रही हैं। उनकी मांग है कि छात्रावास खोला जाए। ऐसा न करने से उनको कठिनाई का सामना कर पड़ रहा है। इसे लेकर पूर्व में भी आंदोलन हो चुका है। कुछ छात्रों ने भी हॉस्टल में घुसने की कोशिश की थी। इस मसले को लेकर अब फिर आवाज उठाई जा रही है। शाम तक कुलपति ने इस मुद्दे पर त्राओं से किसी तरह की वार्ता नहीं की है।


इविवि के हॉस्टल खोलने की मांग करती छात्राएं

हॉस्टलों को खोलने की मांग और उसके लिए इस तरह से विरोध प्रदर्शन पहली बार नहीं किया जा रहा है। कुछ समय पहले भी अचानक कुछ छात्राओं ने हॉस्टल खोलने की मांग करते हुए आवाज उठाई थी। उनके समर्थन में छात्र नेता भी कूद पड़े थे। रात तक आंदोलन जारी रहने पर पुलिस ने एक्शन लेते हुए महिला छात्र नेता समेत कई लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया था। मुकदमा भी लिखा गया था। अब फिर हॉस्टल का मामला गमार्या जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी और पुलिस अफसर पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं ताकि जरूरत पड़ते ही एक्शन लिया जा सके। हालांकि अभी कोई भी इस पर कुछ बोल नहीं रहा है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### गहनों का बैग छीनकर भाग गए बदमाश

**प्रतापगढ़।** ज्वेलरी की दुकान में ग्राहक बनकर घुसे दो बदमाश गहने का बैग लेकर भाग निकले। छीनाझपटी में काउंटर का शीशा टूटकर दुकानदार को लग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मानधाता थाना क्षेत्र के भगवतगंज बाजार निवासी कल्लू सोनी का बेटा शिवा (25) बाजार में ही ज्वेलरी की दुकान चलाता है। गुरुवार सुबह शिवा अपनी दुकान पर बैठा था। करीब 11.30 बजे दो व्यक्ति आए और ज्वेलरी देखने के बहाने जिस बैग में लगभग 10 ग्राम सोने व करीब 600 ग्राम चांदी के आभूषण रखे थे, उसे लेकर भागने लगे। शिवा ने बैग पकड़ लिया लेकिन छीनाझपटी में शिवा को कांच का टुकड़ा टूट कर लग गया। इसी दौरान बदमाश दुकान का आधा शटर गिराकर बैग लेकर बाइक से प्रतापगढ़ की तरफ भाग गए। बैग में रखे जेवर किसी ग्राहक ने बनवाने को दिया था। जेवर बनकर आने के बाद बैग में रखा था। मानधाता एसओ सत्येंद्र राय का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### युवक पर कुल्हाड़ी से हमला

**प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में विपक्षियों ने युवक पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। चीख-पुकार पर बीचबचाव को पहुंचे वृद्ध की भी लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।पट्टी थाना क्षेत्र के आशापुर अठगवां निवासी अंशु (18) गुरुवार सुबह अपने दरवाजे पर सफाई कर रहा था। इस दौरान जमीन के विवाद की रंजिश में विपक्षियों ने गालीगलौच करते हुए उस पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। इससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार पर बीचबचाव को पहुंचे हरिश्चंद्र (65) को भी आरोपितों ने लाठी-डंडे से पीट दिया। शोर मचाने पर हमलावर धमकी देकर चले गए।

### किशोरी से छेड़छाड़, विरोध पर की पिटाई

**कुंडा।** ईंट भट्ठे के पास झोपड़ी डालकर रहने वाले मजदूर परिवार की किशोरी से गांव के कुछ युवकों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे पीटा। परिजन पहुंचे तो उनसे भी हाथापाई हुई। आरोपित युवक धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने मामले में दो युवकों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। महेशगंज थाना क्षेत्र के श्रीपुर ईंट भट्ठे पर चित्रकूट जनपद का एक परिवार ईंट पथाई का काम करता है। ईंट भट्ठे के बगल ही झोपड़ी बनाकर रहता है। बुधवार देर शाम मजदूर पत्नी संग बाजार गया था। उसकी 16 वर्षीय बेटी झोपड़ी में थी। इस बीच गांव के दो युवक पहुंचे और उससे छेड़खानी करने लगे। किशोरी के विरोध करने पर उसे पीट दिया। इसी बीच किशोरी का पिता भी आ गया तो युवकों से उसकी हाथापाई हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो युवक धमकी देते हुए भाग निकले।

## मंझनपुर के पॉली क्लीनिक में इलाज कराने के बाद मरीज की मौत

**पाली क्लीनिक के चिकित्सक को कड़ा धाम कोतवाली पुलिस चिन्हित करने के बाद चिकित्सक की कर रही है तलाश**

**कौशांबी।** जिले में मरीजों की मौत का सिलसिला इलाज के दौरान थमने का नाम नहीं ले रहा है मंझनपुर मुख्यालय के सिराथू रोड पर सेंट्रल बैंक के नीचे एक पाली क्लीनिक में एक मरीज का 30 सितंबर को इलाज किया गया इसके 2 दिन बाद ही मरीज की मौत हो गई है इस मामले में कड़ा धाम कोतवाली में झोलाछाप चिकित्सकों के नाम मुकदमा दर्ज किया गया है मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद इलाके के एक डॉक्टर को पुलिस चिन्हित कर सकी है जबकि मंझनपुर के इस पाली क्लीनिक के चिकित्सक को कड़ा धाम कोतवाली पुलिस चिन्हित करने के बाद चिकित्सक की तलाश कर रही है मंझनपुर के पाली क्लीनिक में जिस मरीज का इलाज हुआ था वह कड़ा धाम कोतवाली अंतर्गत एक गांव का रहने वाला बताया जाता है इलाज के दौरान चिकित्सक के अनुभव हीनता के चलते उल्टी दवाइयां दे दी हैं जिससे उसकी मौत हो गयीं है।

मंझनपुर के उक्त अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन भी कर दिया गया था जबकि चिकित्सक के पास सर्जन की डिग्री नहीं है और इस क्लीनिक के पास मरीज भर्ती करने के लिए अस्पताल का लाइसेंस भी नहीं है फिर भी मरीज भर्ती किए जाते हैं मरीज का इलाज के दौरान ऑपरेशन कर दिया गया था जो असफल हो गया और इलाज के दौरान स्वस्थ होने के बजाय मरीज मौत के मुंह में चला गया है।

मंझनपुर मुख्यालय में चल रहे इस पाली क्लीनिक की ओर अभी तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नजर नहीं उठाई है इसके पहले भी मंझनपुर मुख्यालय में आधा दर्जन मरीजों की इलाज के दौरान मौतें हो चुकी हैं जो गंभीर चिंतन का विषय है मुकदमा दर्ज होने के बाद कड़ा धाम कोतवाली पुलिस मंझनपुर के क्लीनिक के चिकित्सक की तलाश कर रही है और जल्द ही इस क्लीनिक के चिकित्सक की गिरफ्तारी कड़ा धाम कोतवाली पुलिस कर सकती हैं।



जिला अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**अस्पताल परिसर में साफ-साफ की समुचित व्यवस्था न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने लगाई कड़ी फटकार**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने एक्सरे रूम, सिटी स्कैन कक्ष, इमरजेन्सी कक्ष, महिला वार्ड ओपीडी कक्ष सहित चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो एवं कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला वार्ड के प्रसव कक्ष में बेड कम होने की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने बेडों की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 दीपक सेठ को दिया है। जिलाधिकारी ने डॉक्टरों को ओपीडी में समय से बैठने एवं मरीजों को सही ढंग से देखने का निर्देश दिया है। उन्होंने मरीजों को दवायें बाहर से न लिखने एवं मरीजों को अस्पताल से ही दवा मुहैया कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने अस्पताल में भर्ती मरीजों को सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई को निरन्तर क्रियाशील बनाये रखने के साथ-साथ जगह-जगह पर डस्टबिन रखवाये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 दीपक सेठ सहित अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।

## निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**कौशांबी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले केंद्र एवं राज्य सरकारों के निजी करण नीति का विरोध किया गया है बिजली कर्मचारियों जूनियर इंजीनियर अभियंताओं ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार को चेतावनी दी है विद्युत कर्मियों ने कहा कि निजी करण की प्रक्रिया पूरी तरह से वापस नही ली गई तो राष्ट्र ब्यापी हड़ताल की जाएगी। विरोध प्रदर्शन कर रहे विद्युत कर्मियों इंजीनियरों ने कहा कि सभी प्रांतों के 15 लाख बिजली कर्मचारियों जूनियर इंजीनियर अभियंताओं के साथ केंद्र और राज्य सरकारों की निजी करण नीति के विरोध में जोरदार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है विद्युत कर्मियों ने कहा कि कंपनी एक्ट के अनुसार निजी कंपनियों को कम से कम 16% मुनाफा लेने का अधिकार होगा जिसका अर्थ यह हुआ कि 10 रुपये प्रति यूनिट से कम दाम पर किसी भी उपभोक्ता को बिजली नहीं मिलेगी उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की अन्य तमाम मांगों का निराकरण किया जाए और पूर्व की भांति सभी सवर्गो को तीन पदोन्नत पद के समयबध्द वेतनमान दिया जाए।

### मुकदमा दर्ज कराने को लेकर 15 दिन से दौड़ रही रेप पीड़िता

**कौशांबी।** बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने में फेल हो चुकी पुलिस मुकदमा ना दर्ज कर थाना पुलिस अपराधों को घटाने का दावा कर रही है जबकि सच्चाई यह है कि तमाम गंभीर मामले पुलिस अभिलेखों में दर्ज नहीं किए जा रहे हैं अपराधों को न दर्ज करने वाले थानेदारों पर कार्यवाही भी नहीं हो रही है ताजा मामला कौशांबी थाना क्षेत्र का है इटैला गांव निवासी एक युवती में पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि 9 नवंबर को गांव के एक अन्य लड़के ने उसके साथ दुष्कर्म किया है और उसकी फोटो वीडियो बनाकर उसी को ब्लैकमेल कर रहा है पीड़िता का कहना है कि उसने कौशांबी थाने में तहरीर दिया है और उसे बुलाकर पूछताछ भी की गई है पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि कौशांबी थाना पुलिस रेप आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही हैं जिससे आरोपी खुलेआम गांव में टहल रहे हैं और मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहे हैं

## संत निवास पर धूमधाम से होगा शालिग्राम एवं माता तुलसी का विवाहोत्सव

**धमार्चार्य ओम प्रकाश पाण्डेय अनिरुद्ध रामानुज दास एंव आचार्य पं. लालमणि मिश्र ने तुलसी कथा महात्म्य पर डाला प्रकाश**

**प्रतापगढ़।** सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का विवाहोत्सव बृहस्पतिवार को संत निवास सेनानी ग्राम देवली परसन पांडेय का पुरवा में वेदपाठी ब्राह्मणों एवं जनमानस द्वारा बड़े ही धूम - धाम के साथ हुआ सम्पन्न । धमार्चार्य ओमप्रकाश पांडेय अनिरुद्ध रामानुज दास ने बताते हैं मान्यता है कि पूर्व काल में माता लक्ष्मी के रूप में गोलोक में वास करती थी किंतु सरस्वती के श्राप वस लक्ष्मी जी को वृंदा वन कर मृत्युलोक में आना पड़ा। भगवान श्रीमन्नारायण के अंश से जालंधर का अवतार हुआ, जिसने बहुत बड़ी तपस्या करके वृंदा से विवाह किया। वृंदा के सतीत्व के कारण ही उसने देवताओं को पराजित कर इंद्रलोक पर अपना अधिकार जमा लिया किंतु देवताओं के और ब्रह्मा जी तथा भगवान शंकर की प्रार्थना पर भगवान श्री मन नारायण ने जाकर के वृंदा के शरीर का स्पर्श किया, जिससे उसका सतीत्व नष्ट हुआ



पूजा अर्चना करते भक्तगण

जालंधर भगवान शिव के त्रिशूल से मारा गया। वृंदा ने भगवान को श्राप दिया कि आपका हृदय पत्थर के समान है इसलिए आप पत्थर के रूप में हो जाएंगे। भगवान ने वृंदा के श्राप को स्वीकार करके कहा है कि वृंदा तुम तुलसी के रूप में अवतरित होगी द्वापर में वृंदावन में तुम्हारे ही समक्ष मैं राधिका जी के साथ और गोपियों के सामने महारास करूंगा। इसलिए तुलसी और भगवान श्रीमन्नारायण का विवाह होता है। भगवान स्वयं कहते हैं जो भी व्यक्ति तुलसी का एक पत्ता भी मुझे समर्पित करेगा हम उसका कल्याण करेंगे। उक्त जानकारी संस्थान के अध्यक्ष ने दिया है। सगरासुन्दरपुर प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के हन्डौर मे अरविन्द दुबे व पत्नी सुनीता ने बड़े ही धूम - धाम से गाजे - बाजे के साथ मां तुलसी का सालिकग्राम प्रभू से आचार्य पं. लालमणि मिश्र के द्वारा विधि - विधान के साथ पूजन अर्चन करके तुलसी विवाह सम्पन्न कराया । विवाह रस्म के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाकर विवाह कार्यक्रम मे सम्मिलित हुई । विवाह के दौरान आचार्य पं. लालमणि मिश्र ने तुलसी विवाह के कथा महात्म के बारे मे उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया । कार्यक्रम के दौरान शासनादेश एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा - निर्देश के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम । इस दौरान राजकुमार दुबे एडवो, राजेश दुबे, लालजी दुबे, राबेन्द्र दुबे, लक्ष्मीकान्त दुबे, रामगोपाल दुबे, बच्चूलाल मौर्य, संदीप, अशोक दुबे, अन्तरिक्ष दुबे, सचिन, कुणाल, रामकिंकर दुबे सहित गांव के बहुत से लोग मौजूद रहे ।

## नीति व नैतिक कर्मों से होती है धर्म की रक्षा : देवमूर्ति जी महाराज

**लालगंज।** क्षेत्र के अझारा गांव मे हो रही भागवत कथा मे गुरूवार को श्रद्धालुओं का उत्साहजनक समागम दिखा। कथाव्यास अयोध्या धाम के देवमूर्ति जी महराज ने कहा कि भगवान कृष्ण की आराधना जीवन मे नीति को बोध कराने वाली आराधना है। द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण ने सुदामा जी को मैत्रीभाव से तो गले लगाया ही, साथ ही उन्होने जगत को यह संदेश दिया कि उनसे प्रेम करने वाले दीन-हीन का भी लोक क्षण भर मे वैभव हासिल कर लेता है। श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए पाण्डवों को भी महाभारत के युद्ध मे कर्म साधना का शाश्वत ज्ञानबोध कराया। प्रभु श्रीकृष्ण ने जगत को यह संदेश दिया कि धर्म की रक्षा केवल नीति और नैतिक कर्मो की प्रधानता मे निहित है। भगवान माधव बिहारी ने जीवन को सुसंस्कारित बनाए रखते हुए धर्म और नीति के पथ पर अपने और पराये के भी भेद का लीलावतार के जरिए अंतरबोध का भी ज्ञान कराया। देवव्रत महराज जी ने कहा कि भक्ति वही है जिसमे भक्ति की कामना प्रभु को पाने के साथ अपने जीवन की निहित शक्तियो को परमार्थ मे समर्पित करने की भावना अंगीकृत किया करती है। कथा के दौरान मुख्य यजमान हरेकृष्ण मिश्र व इंद्रा मिश्रा ने देवमूर्ति जी का रोलीचंदन से श्रीअभिषेक किया। श्रद्धालुओं के प्रति न्यायाधीश आनंद मिश्र ने आभार अभिवचन व्यक्त किये। इस मौके जागेश्वर प्रसाद मिश्र, पं. देवानंद मिश्र, श्रीकृष्ण मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, पं. रामफेर पाण्डेय, जगदीश तिवारी, आशीष कुमार, अवशेष, मदन, संतोष द्विवेदी, सत्यम मिश्र आदि रहे।

## संविधान दिवस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलायी संविधान की उद्देशिका की शपथ



भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान की शपथ लेते जिलाधिकारी और कर्मचारी गण

**कौशाम्बी।** संविधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकरी अमित कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलायी। हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य (1) बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता (2) सुनिश्चित कराने वाली, बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई0 (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## रोडवेज के दो अधिकारियों के बीच खिंची तलवार का खामियाजा भुगत रहे हैं यात्री

**निर्धारित रोडवेज बस स्टॉप जाने के बजाय बाईपास में कई किलोमीटर दूर यात्रियों को धक्का देकर उतारकर रोडवेज चालक होते हैं फरार**

**भरवारी।** कौशांबी जिले में रोडवेज बस के संचालन की हालत बेहद खराब है रोडवेज बस के चालक सरकार द्वारा भरवारी में निर्धारित बस स्टॉप पर बस ले जाने के बजाय बाईपास से वह निकल जाते हैं और भरवारी कस्बे से तीन किलोमीटर दूर यात्रियों को वह जबरिया धक्का देकर बस से उतार देते हैं जिससे यात्रियों में रोडवेज के प्रति आक्रोश पनप रहा है

सरकारी बसें निर्धारित बस स्टॉप पर जाएंगी इसको लेकर रोडवेज के दो अधिकारियों के बीच तलवारें खिंच गई है आपसी खींचतान का फायदा रोडवेज के चालक और परिचालक उठा रहे हैं और अधिकारियों के बीच छिड़े युद्ध का खामियाजा रोडवेज बस के यात्री भुगत रहे हैं काफी लंबे समय से भरवारी नगर की जनता अधिकारियों से इस बात को लेकर शिकायत कर रही है कि रोडवेज बस के चालक भरवारी बस स्टॉप तक नहीं पहुंचते हैं





और वह भरवारी बाईपास में धक्का देकर सवारियों को उतार देते हैं जब सवारिया बस को बस स्टॉप तक ले जाने की बात करते हैं तो बस के चालक और परिचालक सवारियों को धक्का मारकर बस से नीचे धकेल देते हैं बीते एक वर्ष से यह मनमानी का खेल रोडवेज चालकों परिचालकों का बेखौफ चल रहा है।

इस बीच जब क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज से बात की गई तो उनका कहना है कि हमने निर्देशित कर दिया है कि रोडवेज की बसें निर्धारित रोडवेज बस स्टॉप भरवारी तक जाएंगी लेकिन वही जब इस मामले में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज लीडर रोड से बात की गई तो उनका कहना है कि रोडवेज के चालकों ने बताया कि भरवारी कस्बे में भीड़ अधिक होती है जिससे बस ले जाने में समय लगता है इसलिए निर्धारित बस स्टॉप तक बसे नहीं जाएंगी।

उन्होंने बड़े बेरुखी लहजे में कहा कि यात्री को यदि सरकारी बस में यात्रा करना है तो भरवारी के बाईपास में उन्हें बस से उतरना होगा रोडवेज की बस जाम में नहीं फंसेगी अब सवाल उठता है कि योगी सरकार द्वारा आम जनता को यातायात की व्यवस्था के लिए वाहनों की व्यवस्था कराई जाती है इसी क्रम में सरकारी बसें सड़कों पर चलाई जाती है लेकिन अब यदि तीन-चार किलोमीटर दूर यात्रियों को धक्का देकर बस चालक सरकारी बस से उतारेंगे तो शरीर से कमजोर वृद्ध बीमार बस यात्रियों का क्या हाल होगा रोडवेज बस के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के इस तानाशाही का असर योगी सरकार पर पड़ेगा अभी तक रोडवेज विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की तानाशाही में शासन सत्ता के जिम्मेदारों ने भी पहल नहीं की है जिससे सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक हौसला बुलंद है जिसका खामियाजा जिले की जनता भुगत रही है।

### प्राइवेट चालकों के हाथों बिकते हैं रोडवेज चालक

**भरवारी।** कौशांबी सड़कों पर अवैध तरीके से बिना परमिट के प्राइवेट बसें भरवारी होकर फरार्टा भर रही है और प्राइवेट बसें भरवारी कस्बा हो करके ही अपनी यात्रा को पूरी करती हैं प्राइवेट बस चालकों द्वारा रोडवेज बस चालकों को बीस पचास रुपया दे दिया जाता है निजी लाभ मिलने के बाद रोडवेज चालक परिचालक यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और यात्रियों को निर्धारित बस स्टॉप के बजाए बाईपास में उतार देते हैं जिसके बाद सवारी रोडवेज से यात्रा करने के बजाए प्राइवेट बसों से यात्रा करना अधिक पसंद करती है इसका नतीजा यह होता है कि रोडवेज बसों की आमदनी दिनोंदिन घटती जा रही है और प्राइवेट बसों की आए दिन दूना रात चौगुना बढ़ रही है और वह मालामाल हो रहे हैं बीस पचास रुपए में बिकने वाले इन रोडवेज चालकों परिचालकों पर अधिकारियों को कठोर कार्यवाही करनी होगी तभी परिवहन विभाग की व्यवस्थाएं सुधर सकती हैं।

## सदकर्म ही मोक्ष का सच्चा मार्ग : आचार्य पंडित श्रीकृष्ण

**प्रतापगढ़।** जनपद के सांगीपुर क्षेत्र के भगौरा मे हो रहे श्रीमद्भभागवत कथा मे पांचवे दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कथा श्रवण किया। कथा के दौरान व्यासपीठ से श्रीधाम अयोध्या से पधारे कथा व्यास आचार्य पं. श्रीकृष्ण पान्डेय ने कहा कि श्कलिकाल मे भगवान का नाम जप तथा पवित्र स्मरण ही मनुष्य का जीवन फल है। उन्होने कहा कि हमारे जीवन के सत्कर्म ही मोक्ष का सच्चा मार्ग प्रशस्त किया करते है। उन्होने कहा कि जीवन मे सत्य का मार्ग ही मनुष्य को विपत्तियो के भवसागर से पार लगा सकता है। आचार्य श्रीकृष्ण पान्डेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि धर्म





आचार्य पंडित श्रीकृष्ण

का वही पथ मनुष्य को उसके जीवन का समस्त वैभव प्रदान किया करता है जिस पथ मे सुसंस्कार और सुचिता के पुष्प खिला करते है। कथाव्यास ने बताया कि भगवान की कथा का उददेश्य भटकते हुए मनुष्य को उसके जीवन की साधना के प्रति सचेत किया जाना हुआ करता है। कथाश्रवण से न केवल पुण्य का उदय हुआ करता है, बल्कि तन व मन मे व्याप्त सभी प्रकार की मलीनता तथा कुविचार का भी स्वयं समापन हो जाया करता है। उन्होने कहा कि भागवत कथा के मर्म को समझते हुए हमें जीवन मे सत्कर्म करते रहने की सतत प्रेरणा रखनी चाहिए। आचार्य ने श्रद्धालुओं ने गीता के उन उपदेशो को अपने आचरण मे ले आये जाने को लेकर प्रेरित किया। जिसके जरिये आपस मे सहयोग तथा प्रेम की बढोत्तरी तथा हर दृष्टि से मन की पवित्रता बनी रह सके। भागवत कथा ही जीवन जीने की अमृत कथा है। कथा के संयोजक पं. रामचन्द्र पान्डेय एंव कुसुम देवी ने कथाव्यास का वंदन तिलक किया। सह संयोजक हरीश कुमार पान्डेय एंव सुरेन्द्र कुमार पान्डेय ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया। इस दौरान सदाशिव पाण्डेय, पं.कृष्ण कुमार मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ग्राम प्रधान डभियार दिनेश मिश्र, राजेश मिश्र, अपना दल ब के प्रदेश प्रवक्ता कुल भूषण शुक्ल, शिक्षक तेज प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार हेमंत शुक्ल,सांगीपुर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, ग्राम प्रधान भगौरा रमेश यादव, रामजी मिश्र, देवेन्द्र प्रताप सिंह जितेंद्र मिश्र, पूर्व प्रधान राम कुमार पांडेय आदि रहे।

### शिक्षक-स्नातक चुनाव में लगेंगे 130 वाहन

**प्रतापगढ़।** स्नातक शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए प्रशासन ने परिवहन विभाग से 130 वाहनों की डिमांड की है। वाहन अधिग्रहीत करने के लिए एआरटीओ की ओर से वाहन स्वामियों को रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेज दिया गया है।एक दिसम्बर को लखनऊ खंड स्नातक व शिक्षक एमएलसी का चुनाव होगा। इसके लिए प्रशासन को पोलिंग पार्टियां रवाना करने के लिए व अफसरों के लिए कुल 130 वाहन की आवश्यकता होगी। इसमें 55 बड़े व 75 चारपहिया वाहन शामिल हैं। इन वाहनों से पोलिंग पार्टियां 30 नवंबर को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना की जाएंगी और एक दिसंबर को मतदान सम्पन्न होने के बाद मतपेटिका लेकर जीआईसी आएंगी।

## छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी, हड़कंप

**लालगंज।** किशोरी छात्रा को बहलाफुसलाकर गैर समुदाय के युवक के द्वारा भगा ले जाने पर उदयपुर क्षेत्र मे गुरूवार को हडकंप दिखा। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी एक विद्यालय मे कक्षा नौ की छात्रा है। बुधवार की सुबह छात्रा घर से स्कूल के लिए निकलीं। देर शाम जब वह घर वापस न पहुंची तो परिजन परेशान हो उठे। दूसरे दिन गुरूवार को छात्रा की मां स्कूल पहुंची तो पता चला उसकी बेटी बुधवार को स्कूल नही आयी। इसके बाद छात्रा की मां ने विद्यालय के प्रबंधक के साथ उदयपुर थाना पहुंचकर एक नामजद आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। आरोपी के गैर समुदाय से होने को लेकर पुलिस के भी हाथ पांव फूल उठे। सीओ जगमोहन भी गांव पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने छात्रा के मोबाइल नंबर को आननफानन मे सर्विलांस पर लगवाया तो पता चला कि आरोपी के साथ उसका लोकेशन पडोसी जिले रायबरेली है। स्थानीय पुलिस की सूचना पर रायबरेली पुलिस ने छात्रा को आरोपी के साथ त्रिपुला चैराहे के समीप ओवरब्रिज के पास से बरामद कर लिया। रायबरेली पुलिस की सूचना पर उदयपुर पुलिस ने छात्रा व आरोपी को अपने साथ थाने ले आयी।

## प्रबोधनी एकादशी पर आस्था का दीप जलाकर पूजी गयी तुलसी

**लालगंज।** प्रबोधिनी एकादशी पर तुलसी पूजन का मंदिरो तथा घरो घरो मे देर रात तक आस्था का दीप प्रवहमान दिखा। बाबा घुइसरनाथ धाम समेत क्षेत्र के देवी मंदिरो व धार्मिक स्थलो पर बुधवार की देर रात तक श्रद्धालुओं ने विष्णु लक्ष्मी पूजन के साथ तुलसी के समक्ष दीप जलाये। घरो मे भी श्रद्धालुओं ने मां तुलसी का विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए तुलसी विवाह का प्रतीकात्मक आयोजन कर प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने तुलसी आराधना का व्रत रखकर मन्नतें मांगी। गुरूवार की सुबह सनातनधर्मियो ने घरों से रोग दोष तथा दुख हरण को लेकर सूप पीटे।